## संपादकीय

# विकास ने किया निराश

अरे! चुनाव आ गए, ये विकास कहां है? चलिए सब मिलकर उसे ढूंढ़ने का काम करते हैं। विकास, ओ विकास! कहां हो तुम? चलो, आ भी जाओ अब! देखो तुम्हारी याद में सब बहुत परेशान हो रहे हैं। तुम्हारे जनक आदरणीय नेताजी ने तो भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। चुनावों का वक्त है, कोई तुम्हें कुछ नहीं कहेगा, तुम बस जल्दी से चले आओ।

विकास लापता हो गया था। जैसे ही यह खबर सूबे में फैली कि चुनाव के समय में क्षेत्र में सब कुछ है, बस विकास ही नहीं है तो क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया, जैसे घर से अर्थी उठने के बाद होता है। सब यह मान रहे थे कि विकास अपने विकास पुरुष अर्थात नेताश्री से इरिटेट होकर भूमिगत हो गया होगा। वैसे धरने पर बैठ रूठने की कला और मौसंबी का जूस पीकर मान जाने का हुनर विकास ने अपने जननायक से ही सीखा था।

मुफ्त के इंटरनेट वाले युग में कोई खबर कैसे छिपी रह सकती थी? विकास के लापता होने की खबर टॉप ट्रेंड में आ गई! सूबे के सूबेदार से लेकर राजधानी के द्वारपाल तक सब चिंतित थे। आननफानन में एक कमेटी बनाकर विकास का सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया गया।

विकास की तलाश करने के लिए कमेटी ने सड़क के सैम्पल लिए लेकिन सड़क में धूल-पत्थर नहीं बल्कि धूल-पत्थर में सारी सड़क थी। जांच समिति को निराशा हाथ लगी लेकिन जहां चाह वहां राह। विकास की खोज की चेष्टा के साथ जांचकर्ता राशन की दुकानों पर जा पहुंचे। बाहर बोर्ड टंगा था, जिस पर लिखा था 'स्टॉक खत्म हो गया है, असुविधा के लिए खेद है।' लेकिन बड़े बाबू तो कुछ ज्यादा ही जिद्दी थे। भीतर घुसकर देखा तो सारा नजारा विपरीत था। वहां राशन तो भरपूर था लेकिन विकास वहां भी नहीं था। जांच दल अब लोगों के घरों की तलाशी ले रहा था, नल की टोटियों को खोल कर देखा गया पर सिर्फ हवा आ रही थी। पूछने पर पता चला कि पानी तो चार दिन में एक ही दिन आता है। विकास को यहां भी न पाकर बड़े बाबू निराश हुए। अचानक सामने एक पाठशाला देख उम्मीद की किरण ने उन्हें बांध दिया। यहां तो विकास मिल ही जाएगा, यह सोच वे भीतर गये। टूटी टेबलें, सड़े हुए दरवाजे अपनी मौजूदगी का प्रमाण दे रहे थे। मास्साब नदारद थे, विकास यहां भी नहीं था।

अंततः थक-हार बेहोश हुए बड़े बाबू ने जब आंखें खोलीं तो खुद को अस्पताल में पाया। एक कर्तव्यपरायण जांच अधिकारी यहां भी विकास को खोजता रहा लेकिन दो चिकित्सक, चार पलंग और मरीजों की लंबी कतार ने उन्हें निराश किया। अंत में नेताश्री ने विकास के बिना ही चुनाव लड़ने का निश्चय किया।

# नया साल शुरू होने से पहले देशवासियों को लग सकता है महंगाई का झटका

नई दिल्ली (आरएनएस)। नया साल सुरू होने से पहले देश वासियों के लिए एक बुरी खबर है। महंगाई की मार अब सीधे आम लोगों की जेब पर पडने वाली है। आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। ओपेक सदस्यों और 10 अन्य तेल उत्पादक देशों ने कच्चे तेल की गिरती कीमत थामने के मकसद से तेल उत्पादन में रोजाना 1.2 मिलियन बैरल कटौती का फैसला किया है।

दुनिया भर में तेल उत्पादन का आधा हिस्सा ओपेक और उसके साझेदार देशों से ही आता है। ओपेक की हुई अहम बैठक में यह एकराय बनी कि तेल उत्पादन अधिक होने की वजह से पिछले दो महीने में कीमतें 30 प्रतिशत से ज्यादा गिरी हैं। ओपेक के इस फैसले के तुरंत बाद कच्चे तेल की कीमत में पांच प्रतिशत का भारी उछाल देखा गया है। हालांकि ओपेक देशों के बीच हुआ समझौता एक जनवरी से लागू हो जाएगा। बता दें कि भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है जो जरूरत से अधिक मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में अक्टूबर से शुरू हुई गिरावट भारत के लिए बड़ी राहत की खबर साबित हुई थी, पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले पेट्रोल-डीजल के दामों में गिरावट आनी शुरू हो गई थी जो अभी तक जारी है। माना जा रहा है कि जनवरी के शुरू होते ही पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है।

# ऑनलाइन दवाएं बेचने वालों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा

उदयपुर. केंद्र सरकार ऑनलाइन दवाएं बेचने वाली कंपनियों के लिए इस माह के अंत तक नियम जारी कर देगी. ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीजीसीआई) ईश्वर रेड्डी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य देशभर में ऑनलाइन बिक्री को रेग्युलेट करना है. साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को भरोसेमंद पोर्टल से असली दवाएं मिलें. स्वास्थ्य मंत्रालय ने ई-फार्मेसी के जरिए दवाओं की बिक्री से संबंधित नियमों का मसौदा सितंबर में जारी किया था. इस पर सभी भागीदारों से मिली राय पर विचार कर लिया गया है. रेड्डी यहां ग्लोबल वेंचर समिट में बोल रहे थे.

उन्होंने कहा, अभी मुश्किल यह है कि ई-फार्मेसी के लिए कोई नियम नहीं है. लेकिन दिसंबर अंत तक इससे संबंधित नियमों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा. इनसे निवेशकों को सेक्टर के जोखिम को समझने में मदद मिलेगी और उन्हें इस सेक्टर में निवेश का फायदा मिल सकेगा. उन्होंने बताया कि ऐसी दवाएं जिनके सेवन की लोगों को लत पड़ जाती है उन्हें ई-फार्मेसी के प्लेटफॉर्म से बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी.ड्राफ्ट रूल्स के मुताबिक, जब तक ई-फार्मेसी पोर्टल रजिस्टर्ड नहीं होगा उसे ऑनलाइन दवाएं बेचने, प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं होगी. ई-फार्मेसी के कारोबार के लिए सेंट्रल लाइसेंसिंग अथॉरिटी के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा. इसके लिए केंद्र सरकार के पोर्टल पर फॉर्म 18एए के जरिए आवेदन करना होगा.

**3-4 साल में ई-फार्मेसी का बाजार 7 गुना बढ़ने की उम्मीद**

**1.2 लाख करोड़ रुपए का दवाओं का रिटेल बाजार है**

**3.5 हजार करोड़ रु. का दवाओं का ऑनलाइन बाजार है**

**25 हजार करोड़ रु. तक पहुंचने की उम्मीद है 4 साल में**

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट जारी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 22 पैसे और घटकर 11 माह के निचले स्तर पर पहुंच गए। डीजल भी 25 पैसे कम होकर करीब आठ माह निम्न स्तर पर आ गया।

मुंबई में पेट्रोल का दाम 76.28 रुपये और डीजल का 68.32 रुपये प्रति लीटर रहा। कोलकाता में डीजल का दाम 67.03 रुपये और चेन्नई में 68.93 रुपए कर लेना। नोएडा में दोनों ईंधन क्रमशः 70.37 और 64.70 रुपये और गुरुग्राम में 69.32 और 64.37 रुपये प्रति लीटर रहे। दिल्ली में पेट्रोल का दाम 12 जनवरी और डीजल का 20 अप्रैल के बाद का न्यूनतम है।

# पति की अकाऊंट स्टेटमेंट पत्नी को दी, बैंक पर लगा जुर्माना

अहमदाबाद (आरएनएस)। अगर आपकी पत्नी आपकी इजाजत के बिना बैंक से आपकी अकाऊंट स्टेटमेंट लेती है तो समझ लीजिए ये पूरी तरह से नियमों का उल्लंघन है और इस मामले में बैंक भी नप सकता है।

ऐसा ही एक मामला यहां सामने आया है। अहमदाबाद के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने




इंडियन ओवरसीज बैंक को आदेश दिया है कि वह ग्राहक दिनेश पमनानी को 10 हजार रुपयों का जुर्माना दे। दरअसल बैंक ने पमनानी से बिना पूछे उनके बैंक अकाऊंट की जानकारी उनकी पत्नी को दे दी।

पमनानी ने फोरम को बताया कि उनका अपनी पत्नी के साथ फैमिली कोर्ट में वैवाहिक विवाद चल रहा है और उनकी पत्नी बैंक स्टेटमेंट से मिली जानकारी कोर्ट को दे सकती है।

# माचिस की तीली से चुराया जा रहा एटीएम पिन

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की राजधानी दिल्ली में एटीएम से जुड़े फ्रॉड और एटीएम हैक करने की घटनाएं दिनों दिन बढ़ रही हैं। चिराग दिल्ली में एटीएम मशीन को ही हैक कर कई लोगों को चूना लगाने की जानकारी सामने आई है। हैरानीजनक बात यह है कि एटीएम के जरिए लोगों से लूट करने वाले माचिस की

तीली, ग्लू स्टिक, थर्मो कैम, स्कीमर, शोल्डर सर्फिंग, स्लीक ट्रिक एट पाउच और स्लीक ट्रिक कैश डिस्पेंसर आदि तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

एक रिपोर्ट में साइबर एक्सपर्ट प्रबेश चौधरी ने दावा किया है कि चिराग दिल्ली में पीएनबी के एटीएम हैक केस में स्कीमर ट्रिक का ही इस्तेमाल किया गया होगा। एटीएम क्लोनिंग कार्ड पर निर्भर करता है कि वह कैसा है।

# न्यूजीलैंड का कमाल, पाक से विदेशी जमीन पर 49 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

नई दिल्ली। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे विल सोमरविले ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिये जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को 123 रन से करारी शिकस्त देकर अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 49 साल में स्वदेश से बाहर पहली श्रृंखला जीती। ऑफ स्पिनर सोमरविले ने 52 रन देकर तीन और अन्य स्पिनर अजाज पटेल ने 42 रन देकर तीन विकेट लिये और 280 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे पाकिस्तान को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 56.1 ओवर में 156 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभायी।

न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 353 रन पर समाप्त घोषित की थी। उसकी पारी का आकर्षण कप्तान केन विलियमसन (139) और हेनरी निकोल्स (नाबाद 126) के बीच पांचवें विकेट के लिये 212 रन की साझेदारी रही। न्यूजीलैंड ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती। उसने इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच चार रन के करीबी अंतर से जीता था।

पाकिस्तान ने दुबई में दूसरा टेस्ट पारी और 16 रन से जीतकर वापसी की थी। न्यूजीलैंड ने इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ स्वदेश से बाहर पिछली श्रृंखला 1969 में जीती थी।

# कोहली ने आस्ट्रेलिया में रचा इतिहास, हासिल किया एक और मुकाम

एडिलेड (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन मेजबान आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी जमीन पर अपने 1000 टेस्ट रन पूरे करने की उपलब्धि दर्ज कर ली, वह ऐसा करने वाले सबसे तेज और ओवरऑल चौथे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। एडिलेड ओवल में चल रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को भारत की दूसरी पारी में विराट ने यह उपलब्धि दर्ज की। विराट को इस आंकड़े तक पहुंचने के लिये टेस्ट से पूर्व मात्र आठ रनों की जरूरत थी लेकिन पहली पारी में मात्र तीन रन पर आउट होने के कारण उनका इंतज़ार लंबा हो गया। हालांकि दूसरी पारी में पांच रन बनाने के साथ ही उन्होंने आस्ट्रेलियाई धरती पर अपने 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। 30 वर्षीय विराट आस्ट्रेलिया में 1000 टेस्ट रन बनाने के मामले में सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं जिन्होंने 18 पारियों में यह आंकड़ा छूआ है। आस्ट्रेलिया में सबसे तेज़ यह कारनामा करने के मामले में ओवरऑल विदेशी खिलाड़ियों में विराट से आगे केवल चार इंग्लिश बल्लेबाज हैं।

भारतीय कप्तान विराट आस्ट्रेलिया में 1000 टेस्ट रन पूरे करने के साथ ही पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाजों की भी श्रेणी में शामिल हो गये हैं जो आस्ट्रेलियाई धरती पर एक हजार रनों का आंकड़ा पार कर चुके हैं। इस सूची में सचिन 1809 रनों के साथ सबसे आगे हैं जबकि दूसरे नंबर पर लक्ष्मण के नाम 1236 रन और तीसरे नंबर पर द्रविड़ के नाम 1143 रन दर्ज हैं।

# जनेऊ पहनने के पीछे क्या धारणा है? जानिए इसका वैज्ञानिक प्रमाण

हमारे ब्राह्मण परिवारों में उपनयन संस्कार की अत्यधिक भूमिका होती है। उपनयन संस्कार के बाद ही यह सुनिश्चित होता है कि आप पूर्ण ब्राह्मण हो। उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि आपका उपनयन संस्कार नहीं हुआ है तो आप श्मशान घाट पर किसी के दाह संस्कार में भाग नहीं ले सकते।

जनेऊ को उपनयन संस्कार के दौरान विभिन्न प्रकार के मंत्रों एवं धार्मिक अनुष्ठानों द्वारा उपचारित कर के पवित्र किया जाता है या यूं समझा जाये तो सामान्य से दिखने वाले सूत के धागे में प्राण डालना।

इस जनेऊ को पहनने का मुख्य कारण यही है कि आपको हर समय यह बात याद रहे कि आपने किन पवित्र नियमों के तहत इस संस्कार को अपनाया था। मैं भी ज्यादातर जनेऊ अपने पिता जी के डर से पहनता हूं किंतु अब मैं कोशिश कर रहा हूँ कि इसको अपनी आदत में शामिल करूं।

## शब्द सामर्थ्य-11

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू-11

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.10 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## घर पर बनाए तीखी-चटपटी मूंगफली की चटनी जानिए रेसिपी

**सामग्री :**

मूंगफली- एक कप, लहसुन-7 से 8 कलियां, हरी मिर्च- 2 से 3 (बारीक कटी), अदरक-आधा टीस्पून (कद्दूकस), राई-1 टीस्पून, करी पत्ते-चार से पांच, नमक-स्वादानुसार, तेल-दो से तीन टीस्पून, नींबू का रस-1/2 टीस्पून, ताजा दही- 3/4 कप, साबुत लाल मिर्च- 1 या 2, पानी- जरूरत के अनुसार

**विधि :**

मूंगफली को एक मिनट तक धीमी आंच पर भून लें और ठंडा होने के लिए अलग रख दें। ठंडा होने पर मूंगफली के छिलके हटा दें। फिर एक मिक्सर जार में मूंगफली, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, दही और पानी डालकर बारीक पीस लें और एक बाउल में निकालकर रख लें।

धीमी आंच पर पैन में तेल गरम करें जब तेल गरम हो जाए तब इसमें राई, साबुत लाल मिर्च और करी पत्ता डालकर तड़का तैयार कर लें। इसे तुरंत चटनी पर डाल दें और सर्व करें।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज आप सांसारिक विषय से दूर होकर अध्यात्म की तरफ मुड़ेंगे। कुछ विशेष रहस्यमय विद्याओं की तरफ आपका आकर्षण रहेगा। चिंतन-मनन से आपको अच्छी अनुभूति होगी। अचानक धन लाभ होगा। कोई शत्रु दोस्त बनकर आपके बीच रह रहा है, ऐसे शत्रु से बचकर रहें।

**वृषभः** दांपत्य में सुख-शांति का अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर मिलेगा। छोटे प्रवास का आयोजन भी हो सकता है।

**मिथुनः** आज आपके अधूरे कार्य पूरे होंगे। कार्य में सफलता और यश की प्राप्ति होगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ होगा।

**कर्कः** स्वास्थ्य नरम रहेगा, मन विचलित हो सकता है। किसी काम में आकस्मिक धन खर्च की आशंका है। हो सके तो नया काम आज टालें।

**सिंहः** नकारात्मक विचारों से परेशानी हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। माता-पिता से मतभेद होने की आशंका है। स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

**कन्याः** कार्य में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। आर्थिक लाभ की संभावना है। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। सार्वजनिक क्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा।

**तुलाः** गणेशजी आपको जिद्दी व्यवहार छोड़कर समाधानपूर्ण व्यवहार रखने की सलाह देते हैं। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव करा सकती है, वाणी पर संयम रखें। दुविधा में फंसा मन आपको कोई ठोस निर्णय नहीं लेने दे रहा है, मानसिक दुविधा से बाहर निकलें।

**वृश्चिकः** आज आप तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, प्रवास या मिलन-मुलाकात का अवसर प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता का अनुभव होगा।

**धनुः** आज स्वास्थ्य नरम रह सकता है, ध्यान रखें। वाणी और व्यवहार का ध्यान रखें, परिवार में आज आपस में विवाद होने की आशंका दिखती है। क्रोध पर अंकुश रखें।

**मकरः** सामाजिक क्षेत्र और नौकरी-धंधे में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जाने का अवसर आएगा। आज मांगलिक प्रसंगों में उपस्थित होने का सौभाग्य मिलेगा।

**कुंभः** गणेशजी की कृपा से आपके हरेक कार्य पूरे होंगे। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल रहेगी और कार्य में सफलता मिलेगी। बुजुर्गों और अधिकारियों की कृपादृष्टि के कारण आपको मानसिक रूप से किसी बोझ से मुक्त मिलेगी।

**मीनः** शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक कार्य करें।